छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा गडरिया धनगर जाति प्रतिवेदन जुलाई, 2006 की रिपोर्ट में आयोग के अध्यक्ष श्री तारा सिंह राठिया ने अध्याय 9 में धनगर एवं गडरिया जाति में किसी प्रकार का अंतर नहीं रखा है। धनगर की मूल जाति गडरिया ही है, इस बात की पुष्टि हो गयी है।

अतः मैं सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि पाल समुदाय को अनुसूचित जाति में शामिल करने का स्पष्ट आदेश जारी करने का कष्ट करें।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Time over. Shri Naresh Agrawal. ...*(Interruptions)*... Yes. ...*(Interruptions)*... All the names may be added. ...*(Interruptions)*...

**श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी** (मध्य प्रदेश): महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं अपने को इससे सम्बद्ध करता हूं।

**श्रीमती रजनी पाटिल** (महाराष्ट्र): महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं अपने को इससे सम्बद्ध करती हूं।

**श्री राम कुमार कश्यप** (हरियाणा): महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं अपने को इससे सम्बद्ध करता हूं।

**श्री हुसैन दलवई** (महाराष्ट्र): महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं अपने को इससे सम्बद्ध करता हूं।

**श्री नीरज शेखर** (उत्तर प्रदेश): महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं अपने को इससे सम्बद्ध करता हूं।

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY (Andhra Pradesh): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI SHANTARAM NAIK (Goa): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI MADHUSUDAN MISTRY (Gujarat): Sir, I associate myself with the matter raised by the hon. Member.

## Need to fix responsibility on brand ambassador for misleading advertisements of products

**श्री नरेश अग्रवाल** (उत्तर प्रदेश): उपसभापति जी, brand ambassador बनने का एक नया फैशन चला है। श्रीमन्, मैं हर रोज टी.वी. पर और अखबारों में देखता हूं कि कुछ फिल्मी हस्तियों के नाम पर, कुछ प्लेयर्स के नाम पर और कुछ लोग धर्म के नाम पर आस्था रखते हैं और वे लोग brand ambassador बनकर तमाम ऐसे products का विज्ञापन करने लगते हैं। Product तो छोड़ दीजिए, ये तमाम लोग real estate में चले गए और celebrity हो गए। उन्होंने विज्ञापन देना शुरू कर दिया और जनता उनके भ्रम में फंस गई तथा उस product को खरीदना शुरू

[श्री नरेश अग्रवाल]
कर दिया। आज बड़ी विकट स्थिति हो गई है। जो रिटायर हो गए हैं, मैं उनको देखता हूं। एक डॉक्टर ऑर्थो के हैं। वे कहते हैं कि कैसा भी जोड़ों का दर्द हो, कैसा भी शरीर का दर्द हो, हम तुरंत ठीक कर देंगे। मेडिकल साइंस उसको सही नहीं मानता है, लेकिन विज्ञापन और हमारे celebrities इसको सही मानते हैं। हम आपको बहुत से नाम बता देंगे। अब तो सरकार भी brand ambassador बनाने लगी है, गुजरात सरकार, भारत सरकार। मैं तो सिद्धू जी से कहूंगा कि वे इस हाउस में आए हैं, वे भी कम से कम इस चीज से थोड़ा बचे रहेंगे। एक brand ambassador के नाम पर महेंद्र सिंह धोनी को जनता का कितना विरोध सहना पड़ा। पूरे नोएडा में उनके खिलाफ एक रिवोल्ट हो गया कि उन्होंने तमाम बिल्डर्स के मकान बिकवा दिए, जिन्होंने पैसा तो ले लिया, लेकिन मकान नहीं दिया। तमाम ऐसे विज्ञापन मेडिकल की ऐसी दवाइयों के नाम पर बड़े-बड़े फिल्मी हीरो, मैं यहां नाम लूंगा कि सलमान खान एक दवा बेचते हैं कि रिवाइटल ले लो, शरीर के अंदर किसी विटामिन की कमी नहीं रहेगी। ...**(व्यवधान)**...

**श्रीमती जया बच्चन** (उत्तर प्रदेश): आप फिल्मी मत बोलिए।

**श्री नरेश अग्रवाल**: श्रीमन्, मैं यह कह रहा था ...**(व्यवधान)**... उसमें पान मसाला है। पूरे विश्व में कानून है कि अगर कोई fraud करता है, तो celebrity को भी उतना ही दोषी माना जाएगा। हिन्दुस्तान में ऐसा कानून नहीं है। अभी एक पार्लियामेंटरी कमेटी थी, उस कमेटी ने एक रिपोर्ट दी है। उस रिपोर्ट में कहा है कि जितना दोषी प्रोड्यूसर होगा, उतना ही दोषी celebrity भी होगा। श्रीमन्, यह रिपोर्ट सरकार के सामने आ गई है। देश की जनता यह चाहती है कि एक सख्त कानून बने, जिससे हम ठगे हुए महसूस न हों। मैं चाहता हूं कि सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए और इस पर रोक लगानी चाहिए। मेरे पास बहुत से नाम हैं कि कौन-कौन celebrity किस-किस चीज का विज्ञापन कर रहे हैं। मैं यहां उनके नाम नहीं लेना चाहूंगा, लेकिन मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि इस देश में जो हो रहा है, हर आदमी अपनी जगह स्वतंत्र है, जो चाहे जो करे। अखबार में रोज विज्ञापन, कहीं जापानी तेल...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Time over. ...(*Interruptions*)... Time over. ...(*Interruptions*)... Time over. ...(*Interruptions*)...

SHRI K. T. S. TULSI (Nominated): Sir, I associate myself with the matter raised by the hon. Member.

**श्री हुसैन दलवई** (महाराष्ट्र): महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं अपने को इससे सम्बद्ध करता हूं।

**श्रीमती कहकशां परवीन** (बिहार): महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं अपने को इससे सम्बद्ध करती हूं।

SHRI K. PARASARAN (Nominated): Sir, I too associate myself with the matter raised by the hon. Member.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Vijay Goel – not present. Shri Anil Desai.